# EDUMATE

# हिंदी

## PART - III

## (OPTIONAL)

## कक्षा

## XII

# प्रश्न-संचय

केरल सरकार

शिक्षा विभाग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल द्वारा तैयार की गई

2017

*Prepared by:*
State Council of Educational Research & Training (SCERT)
Poojappura, Thiruvananthapuram - 12, Kerala. E-mail:scertkerala@gmail.com

*Type setting by:*
SCERT Computer Lab.

©
Government of Kerala
Education Department
2016

# वक्तव्य

**दोस्तो,**

निकट भविष्य में संपन्न होनेवाली परीक्षाओं की तैयारी में आप व्यस्त होंगे। हम चाहते हैं, बिना किसी डर के आप परीक्षा लिखें और उज्वल विजय पाएँ। इस लक्ष्य की सफलता में आपकी मदद करने के लिए हमने यह सामग्री तैयार की है। इसमें ऐसे प्रश्नों को सम्मिलित किया है जो कार्यकालांत मूल्यांकन के लिए सार्थक हो। साथ ही नमूने के प्रश्न पत्र तथा उनके मूल्यांकन सूचक भी दिए गए हैं। आप इन प्रश्नों से गुज़रें, इनका अभ्यास करें, इसी प्रकार के अन्य प्रश्न पहचानें। मित्रो, आपकी जीत सरल, सफल और सार्थक रहेगी।

शुभकामनाओं के साथ

**निदेशक**

**डॉ.जे.प्रसाद**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल

तिरुवनंतपुरम।

## इकाई एक

पृ.सं

**यादों की बारात में**

**अलबम** .................................................. (5 - 7)
कहानी — *सुदर्शन*

**सरोज-स्मृति** .................................................. (8 - 9)
कविता — *सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'*

**खोई हुई वस्तु की खोज** ..................................................(10 - 12)
निबंध — *लक्ष्मीकांत झा*

**साहित्य का इतिहास**..................................................(13 - 15)

## इकाई दो

**भविष्य की दुनिया में**

**राजभाषा और राष्ट्रभाषा** .................................................. (16 - 17)
निबंध — *नंददुलारे वाजपेयी*

**अनुवादः कला और कौशल** .................................................. (18 - 19)
अनुवाद

**साँप** .................................................. (0 - 20)
कविता — *अज्ञेय*

**साहित्य का इतिहास** .................................................. (21 - 22)

## इकाई तीन

**अतीत के सपनों में**

**एक अंतरंग परिचय** .................................................. (23 - 24)
जीवनी — *सुलोचना रांगेय राघव*

**दो हाथियों की लड़ाइ**..................................................(25 - 26)
कविता — *उदय प्रकाश*

**वास्तव में घर एक पाठशाला है** ..................................................(27 - 28)
डायरी — *रामदरश मिश्र*

**साहित्य का इतिहास**.................................................. (29 - 30)

## इकाई चार

**आस की चुप्पी में**

**विरोधाभास** .................................................. (31 - 32)
कविता — *सच्चिदानंदन*

**नगर की नाक के नीचे**.................................................. (33 - 34)
व्यंग्य कहानी — *रामनारायण उपाध्याय*

**साहित्य का इतिहास**.................................................. (35 - 36)

इकाई 1

# अलबम — कहानी

सुदर्शन

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- प्रेमचंदयुगीन कहानी-साहित्य की अवधारणा पाकर शैलीगत विशेषताएँ पहचानता है।
- प्रेमचंदयुगीन कहानी-साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों के आधार पर कहानी का आस्वादन करके टिप्पणी लिखता है।
- कहानी के आशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।
- क्रिया-विशेषण का प्रयोग संबंधी अवधारणा पाकर प्रयोग करता है।
- समुच्चय बोधक की अवधारणा पाकर प्रयोग करता है।

**प्रश्न - 1**

"मैं इनका अलबम बनाऊँगा, और तुम्हारी ओर से विज्ञापन दे दूँगा। संभव है किसी शौकीन के हाथ पड़ जाए और तुम चार पैसे कमा लो।"

इस कथन के अनुसार लाला सदानंद अलबम की बिक्री के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देता है। वह विज्ञापन तैयार करें।

ज्ञान का भण्डार
सचित्र घटनाएँ
उत्तम कला-सौंदर्य के नमूने
कम दाम में

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • जरूरी विवरण है। | (2) |
| • चित्र का महत्व सूचित किया है। | (2) |
| • संक्षिप्त वाक्य/वाक्यांश है। | (2) |
| • आकर्षक रूपरेखा है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न - 2**

"ये चित्र कला-सैंदर्य के अति उत्तम नमूने हैं। अगर किसी शौकीन को पसंद आ जाएँ, तो हज़ार रुपये कमा लो" - इस विषय पर मित्र की राय पूछते हुए एक **पत्र** लिखें।

- अलमारी में चित्र ढूँढ़ना
- चित्र मिलना
- चित्रों की विशेषता

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) |
| • घटनाओं का उल्लेख है। | (2) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (2) |
| • पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न - 3**

"लाला सदानंद ने चित्रों को अलबम में लगवाया, और कुछ उच्चकोटि के समाचार पत्रों में विज्ञापन दे दिया। अब पंडित शादीराम हर समय डाकिए की प्रतीक्षा करते रहते थे। रोज़ समझते कि आज कोई चिट्ठी आवेगी। दिन बीत जाता और कोई उत्तर न आता था। रात को आशा सड़क पर धूल की तरह बैठ जाती थी; परंतु दूसरे दिन लाला सदानंद की बातों से टूटी हुई आशा फिर बंध जाती थी, जिस प्रकार गाड़ियाँ चलने से पहले दिन की बैठी हुई धूल हवा में उड़ने लगती है। आशा फिर अपना चमकता हुआ मुख दिखाकर दरवाज़े पर खड़ा कर देती थी। डाक का समय होता, तो बाज़ार में ले जाती, ओर वहाँ से डाकखाने पहुँचाती थी। इसी प्रकार एक महीना बीत गया; परंतु कोई पत्र न आया।"

1. 'अलबम' किसकी रचना है?
2. पंडित शादीराम हर समय किसकी प्रतीक्षा करते रहते थे?
3. खंड से एक क्रियाविशेषण ढूँढ़कर लिखें।
4. खंड से दो समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखें।
5. खंड का **संक्षेपण** करें।
6. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| 1. प्रेमचंद | (1) |
| 2. अनुच्छेद का आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | (2) |
| 3. क्रियाविशेषण ढूँढ़कर लिखा है। | (3) |
| 4. समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखा है। | (1) |
| 5. मुख्य आशयों का चयन किया है। | (3) |
| अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। | (2) |
| अपनी भाषा को स्वीकारा है। | (2) |
| 6. मूल्यांकन करके उचित शीर्षक लिखा है। | (1) |

**प्रश्न 4**

संध्या के समय वे लाला सदानंद के पास गए और पाँच सौ रुपए के नोट सामने रखे। उस समय दोनों के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

- अलबम की बिक्री
- कृतज्ञता अदा करना
- कर्ज़ चुकाने की खुशी

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (1) |
| • प्रवाहमयता है | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

# सरोज-स्मृति कविता

**सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'**

**अधिगम उपलब्धि**

- छायावादी काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों की अवधारणा पाकर कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्न - 1**

फिर आई याद - "मुझे सज्जन
है मिला प्रथम ही विद्वज्जन
नवयुवक एक, सत्साहित्यिक
कुल कान्यकुब्ज, यह नैमित्तिक
होगा कोई इंगित अदृश्य,
मेरे हित है हित यही स्पृश्य
अभिनंदनीय।" बँध गया भाव
खुल गया हृदय का स्नेह-स्राव,
खत लिखा, बुला भेजा तत्क्षण,
युवक भी मिला प्रफुल्ल, चेतन।

1. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता की है?
   (सरोज स्मृति, दो हाथियों की लडाई, साँप)
2. 'पंडित'- शब्द का समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखें।
   (सज्जन, विद्वज्जन, नवयुवक)
3. 'बंध गया भाव, खुल गया हृदय का स्नेह भाव' इससे कवि का तात्पर्य क्या है?
4. छायावादी काव्यधारा की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कवितांश की **व्याख्या** करें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | (1) |
| 2. | आशय-ग्रहण किया है। | (1) |
| 3. | आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। | (2) |
| 4. | • कवि का परिचय है। | (1) |
| | • छायावादी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) |
| | • कविता का सार है। | (2) |
| | • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) |
| | **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न - 2**

तुम करो ब्याह, तोड़ता नियम
मैं सामाजिक योग के प्रथम,
लग्न के; पढ़ूँगा स्वयं मंत्र
यदि पंडितजी होंगे स्वतंत्र
जो कुछ मेरे, वह कन्या का,
निश्चय समझो, कुल धन्या का।

1. यह किस काव्यधारा की कविता है?
   (छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता)
2. विवाह शब्द का समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखें।
   (याग, ब्याह, मंत्र)
3. कवि कन्या को कुल धन्या क्यों कहते हैं?
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की **व्याख्या** करें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (1) |
| 2. | आशय-ग्रहण किया है। | | (1) |
| 3. | आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। | | (2) |
| 4. | • कवि का परिचय है। | (1) | |
| | • छायावादी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) | |
| | • कविता का सार है। | (2) | |
| | • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) | |
| | **कुल** | | **(7)** |

# खोई हुई वस्तु की खोज — निबंध

लक्ष्मीकांत झा

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- निबंध की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन करता है।
- निबंध के आशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।
- क्रिया-विशेषण का प्रयोग संबंधी अवधारणा पाकर प्रयोग करता है।

**प्रश्न - 1**

"वाह ! आप भी बडे विचित्र जीव हैं। कल पुस्तक ली थी, दाम दिए और पुस्तक यहीं छोड़कर चलते बने।" घर पहुँचकर लेखक अपनी पत्नी से इसके बारे में बातें करते हैं। यह **बातचीत** तैयार करें।

- पुस्तक का खोना और मिलना।
- खुशी का अनुभव करना।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (1) |
| • प्रवाहमयता है | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न - 2**

एक बार मैंने नई पुस्तक मोल ली। दूसरे दिन घर का कोना-कोना छान डाला। रसोई-घर भी न छोड़ा। घर-भर के सभी लोगों ने हलचल मचा दी। ढूँढ़ते-ढूँढ़ते कई दवातें उड़ेल दीं, औषधि की शीशियाँ फोड़ दीं, जिन पत्रों का उत्तर देना रह गया था, उन्हें पुरानी चिट्ठियों में और जो पुरानी थीं उन्हें नई चिट्ठियों में मिला दिया; पुस्तकों की पेटियों में कपड़े और कपड़े की पेटियों में पुस्तकें डाल दीं। सब कुछ किया, पर पुस्तक न मिली। परीक्षा निकट थी। फिर दूसरी पुस्तक मोल लेने लपका। कुछ दूर जाने पर।

मन में आया कि एक बार फिर घर में जाकर खोज आऊँ। लौट आया। ऊधम और हलचल फिर दूसरी बार हुई। अंत में निराश होकर फिर दुकान गया। पुस्तक-विक्रेता ने कहा, 'वाह! आप भी बड़े विचित्र जीव हैं। कल पुस्तक ली थी, दाम दिए और पुस्तक यहीं छोड़कर चलते बने।'

1. एक बार लेखक ने क्या मोल ली?
2. पुस्तक ढूँढ़ते-ढूँढ़ते लेखक ने क्या किया?
3. खण्ड से दो संबन्ध बोधक शब्द चुनकर लिखें।
4. खण्ड से एक क्रियाविशेषण शब्द चूनें।
5. खंड का संक्षेपण करें।
6. संक्षेपण केलिए उचित शीर्षक दें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| 1.आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | (1) |
| 2. अनुच्छेद का आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | (2) |
| 3. आशयग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | (3) |
| 4. क्रियाविशेषण चुनकर लिखा है। | (1) |
| 5. मुख्य आशयों का चयन किया है। | (3) |
| अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। | (2) |
| अपनी भाषा को स्वीकारा है। | (2) |
| 6. मूल्यांकन करके उचित शीर्षक लिखा है। | (1) |

**प्रश्न - 3**

"मैंने बहुधा देखा है कि किसी खोई वस्तु को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते कोई पहले की खोई हुई वस्तु भी मिल जाती है। उस समय मन में कितना आनंद होता है।" - पुस्तक खो जाने और मिलने की घटना को लेकर लेखक अपनी डायरी लिखता है। वह **डायरी** तैयार करें।

- खोई वस्तु मिलने का आनंद
- क्रमानुसार जीवन बितानेवालों का उल्लेख

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों की सूचना है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मनिष्ठ भाषा है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

# साहित्य का इतिहास

**अधिगम उपलब्धि**

- हिंदी साहित्य के गद्यकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ पहचानकर प्रस्तुत करता है।

**प्रश्न - 1**

किसने आधुनिक काल को गद्यकाल कहा?
(रामचंद्र शुक्ल, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी, महावीर प्रसाद द्विवेदी)

**प्रश्न 2**

मिलान करें।
लल्लूलाल - नासिकोपाख्यान
सदल मिश्र - प्रेमसागर
इंशा आल्लाखाँ - सुखसागर
मुंशी सदा सुखलाल - रानी केतकी की कहानी

**प्रश्न 3**

ब्रह्मसमाज की स्थापना किसने की?

**प्रश्न 4**

आर्यसमाज की स्थापना किसने की?

**प्रश्न 5**

किसके आगमन से हिंदी गद्य में एक नए युग का आरंभ हुआ?

**प्रश्न 6**

खड़ीबोली गद्य के विकास के इतिहास में किसका प्रमुख स्थान है?

**प्रश्न 7**

सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन किसने किया?

**प्रश्न 8**

फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई?
(1805, 1705, 1905, 2005)

**मूल्यांकन सूचक**

प्रश्न 1-8 सही उत्तर का चयन किया है।

**प्रश्न 9**

आधुनिक हिंदी गद्य साहित्य के विकास पर **निबंध** लिखें।

- भारतेंदु युग
- द्विवेदी युग
- छायावाद युह
- छायावादोत्तर युग

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • निबंध की शैली अपनाई है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न 10**

आधुनिक हिंदी साहित्य के आरंभ कालीन लेखक और उनकी रचनाओं के बारे में **टिप्पणी** लिखें।

**प्रश्न 11**

आधुनिक काल के निबंध साहित्य पर **टिप्पणी** लिखें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | |
|---|---|---|
| • आधुनिक हिंदी साहित्य का विश्लेषण किया है। | (1) | |
| • आधुनिक हिंदी साहित्य की विशेषता समझी है। | (2) | |
| • विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है। | (2) | |
| **कुल** | | **(5)** |

**प्रश्न 12**

'पंडित रामचंद्रशुक्ल ने आधुनिक काल को गद्यकाल कहा है' - इस कथन पर संगोष्ठी चलाएँ और **आलेख** तैयार करें।

- गद्यसाहित्य का उदय
- गद्य की अनेक साहित्यिक विधाएँ
- खडीबोली हिंदी का स्थान
- पत्र-प्रतिकाओं का विकास
- विभिन्न युगों में गद्य का विकास

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

इकाई 2

# राजभाषा और राष्ट्रभाषा

## निबंध

नंददुलारे वाजपेयी

### अधिगम उपलब्धियाँ

- निबंध साहित्य की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर प्रस्तुत करता है।
- निबंध के आशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्न 1**

'राजभाषा और राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी' - विषय पर संगोष्ठी चलाने के लिए **आलेख** तैयार करें।

- सभी भाषाओं से हिंदी का संबंध
- 70 करोड़ लोगों की भाषा
- एकता का माध्यम

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न 2**

'राष्ट्र को शक्ति देने के लिए हमें आपसी दूरी और विभेद दूर करने होंगे और यह कार्य एक सामान्य भाषा के द्वारा ही संभव है"- संपर्क भाषा के रूप में 'हिंदी की सफलता' विषय पर **भाषण** तैयार करें।

- 70 करोड़ लोगों की भाषा
- काम चलाऊ भाषा
- एकता के सूत्र में बाँधनेवाली भाषा

**मूल्यांकन सूचक**

- भूमिका है। (1)
- बिंदुओं को विकसित किया है। (2)
- अपना मत है। (2)
- मत का समर्थन किया है। (1)
- भाषण-शैली है। (1)
- उपसंहार है। (1)

**कुल** **(8)**

**प्रश्न 3**

हिन्दी भाषा के महत्व को लेकर दो मित्रों के बीच में होनेवाला संभावित **वार्तालाप** तैयार करें।

**मूल्यांकन सूचक**

- प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। (2)
- स्वाभाविक शुरुआत है। (1)
- प्रवाहमयता है (2)
- कल्पना है। (1)
- स्वाभाविक अंत है। (1)

**कुल** **(7)**

# अनुवादः कला और कौशल                    अनुवाद

**अधिगम उपलब्धि**

- अनुवाद की विशेषताओं की अवधारणा पाकर अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद करता है।

**प्रश्न 1**

**निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।**

Sarojini Naidu was born in Hyderabad. Her father was a professor of science. Her mother was a good, educated woman. She had an aptitude for poetry from childhood. She composed poem in English even in her school days.

(Professor of science- विज्ञान के प्रोफसर, Aptitude- रुचि, Childhood- बचपन, Compose- रचना)

**मूल्यांकन सूचक**

- स्रोत भाषा का आशयग्रहण किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा में आशय को अनूदित किया है। (3)
- लक्ष्य भाषा की शैली का पालन किया है। (2)

**कुल** **(8)**

**प्रश्न 2**

**निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।**

Gandhiji was very careful in using papers. Everyday he was getting hundreds of letters. Gandhiji did not throw any such letters. He wrote the draft of his letters on the back of them. Sometimes he used to write articles for his 'Harijan' on them.

(Careful- सावधानी, Throw- फेंक, Draft- मसौदे, Back- पीठ)

1. गाँधीजी द्‌वारा प्रकाशित हुए पत्रिका का नाम क्या है?

2. खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिजन | | (1) |
| 2 | • स्रोत भाषा का आशयग्रहण किया है। | (3) | |
| | • लक्ष्य भाषा में आशय को अनूदित किया है। | (3) | |
| | • लक्ष्य भाषा की शैली का पालन किया है। | (2) | |
| | **कुल** | | **(8)** |

# साँप कविता

**अज्ञेय**

**अधिगम उपलब्धि**

- प्रयोगवादी कविता की प्रवृत्तियों पर चर्चा करके आस्वादन टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्न 1**

साँप!
तुम सभ्य तो हुए नहीं
नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया।
एक बात पूछूँ- (उत्तर दोगे?)
तब कैसे सीखा डँसना
विष कहाँ पाया?

1. यह किस काव्यधारा की कविता है?
   (प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता)
2. 'भलों का-सा व्यवहार' का समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखें।
   (सभ्य, विष, सीख)
3. कवि क्यों आशंकित है?
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कविता की व्याख्या करें।

या

प्रयोगवादी कविता की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कविता की **व्याख्या** करें।

**मूल्यांकन सूचक**

1. आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। (1)
2. समानार्थी शब्द लिखा है। (1)
3. आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। (2)
4. • कवि का परिचय है। (1)
   • प्रयोगवादी कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
   • कविता का सार है। (2)
   • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। (2)

**कुल** **(7)**

# साहित्य का इतिहास कविता

**अधिगम उपलब्धि**

- उपन्यास एवं कहानी साहित्य का शैलीगत एवं भाषागत अंतर पहचानकर आलेख तैयार करता है।

**प्रश्न 1**

उपन्यास किस शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

**प्रश्न 2**

"उपन्यास मनुष्य के वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा है" - किसका कथन है?

**प्रश्न 3**

'मानव चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्व है।' -किसका कथन है?

**प्रश्न 4**

हिंदी का पहला मौलिक उपन्यास कौन-सा है?

**प्रश्न 5**

उपन्यास को मानव-जीवन के अधिक निकट लाने का श्रेय किसको है?

**मूल्यांकन सूचक**

प्रश्न 1-5 सही उत्तर लिखा है।

**प्रश्न 6**

उपन्यास साहित्य की परिभाषा देते हुए उसके विकास पर **निबंध** लिखें।

- प्रेमचंदपूर्व युग
- प्रेमचंद युग
- प्रेमचंदोत्तर युग

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न 7**

हिंदी कहानी साहित्य की विकास यात्रा पर **लेख** लिखें।

- प्रेमचंद पूर्व युग
- प्रेमचंद युग
- प्रेमचंदोत्तर युग
- नई कहानी
- समकालीन कहानी

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • अपने मत का समर्थन किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (2) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

इकाई 3

# एक अंतरंग परिचय — जीवनी

**सुलोचना रांगेय राघव**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- जीवनी की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन करता है।
- जीवनी के आशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्न 1**

मैंने उन्हें पर्दे की ओट से आखिर देख ही लिया और देखती ही रह गयी!!! कितना भव्य व्यक्तित्व ... कितना असाधारण!!!

- पति से अपनी पहली मुलाकात के बारे में सुलोचना रांगेय राघव अपनी डायरी में लिखती है। वह **डायरी** तैयार करें।

- पहली मुलाकात
- आकर्षण
- प्यार का उदय

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों की सूचना है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मनिष्ठ भाषा है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न 2**

कितना रहस्यमय था सब कुछ! कितना तो बडा घर और कितना प्राचीन!! उन्हें जाते देखकर लगा, कालिदास जा रहे हैं। लेखिका का रांगेय राघव से मिलन अपनी बडी बहन के ससुराल में हुआ था। तब दोनों के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें।

- पहली मुलाकात
- आकर्षण
- दुबारा मिलना

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (1) |
| • प्रवाहमयता है | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न 3**

'जिस व्यक्ति को देखने केलिए मुझे इतना परिश्रम करना पड़ा था, आज वही मेरे समक्ष है।'

- रांगेय राघव से लेखिका का मिलन पुस्तकालय में होता है। इस घटना को लेकर वह अपनी आत्मकथा लिखती है। वह **आत्मकथांश** तैयार करें।

- पहली मुलाकात
- बडी बहन के ससुराल में मिलना
- पुस्तकालय में पुनर्मिलन

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों का वर्णन है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मकथात्मक शैली है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

# दो हाथियों की लड़ाई कविता

उदय प्रकाश

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- समकालीन कविता की प्रवृत्तियों की अवधारणा पाकर टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्न 1**

दो हाथियों की
लड़ाई को
हाथियों से ज़्यादा
सहता है जंगल।

और इस लड़ाई में
जितने घाव बनते हैं
हाथियों के उन्मत्त शरीरों पर
उससे कहीं ज़्यादा
गहरे घाव
बनते हैं जंगल और समय
की छाती पर।

जैसे भी हो
दो हाथियों को
लड़ने से रोकना चाहिए।

1. हाथियों की लड़ाई को कौन ज़्यादा सहता है?
   (जंगल, हाथी, शरीर)
2. दो हाथियों की लड़ाई में किसके शरीर पर गहरे घाव बनते हैं?
3. 'जैसे भी हो
   दो हाथियों को
   लड़ने से रोकना चाहिए।' कवि ऐसा क्यों कहता है?
4. समकालीन कविता की विशेषताओं पर चर्चा करके कवितांश की **व्याख्या** करें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (1) |
| 2. | आशय-ग्रहण किया है। | | (1) |
| 3. | आशय का विश्लेषण करके कारण ढूँढ़ा है। | | (2) |
| 4. | • कवि का परिचय है। | (1) | |
| | • कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) | |
| | • कविता का सार है। | (2) | |
| | • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) | |
| | **कुल** | | **(7)** |

# वास्तव में घर एक पाठशाला है — डायरी

**रामदरश मिश्र**

## अधिगम उपलब्धियाँ

- डायरी की शैलीगत विशेषताएँ पहचानकर आस्वादन करता है।
- डायरी के आशय का विश्लेषण करके विधांतरण करता है।

**प्रश्न 1**

आकाशवाणी में रामदरश मिश्र के साथ अरुणकुमार पासवानजी का साक्षात्कार संपन्न हुआ था। ऐसे बड़े साहित्यकार के साथ साक्षात्कार करते समय हुए अनुभवों को लेकर पासवानजी अपने मित्र को पत्र लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

- रामदरश मित्र को न्योता देना
- उनका आगमन
- साक्षात्कार

## मूल्यांकन सूचक

| | |
|---|---|
| • स्वाभाविक शुरुआत है। | (2) |
| • घटनाओं का उल्लेख है। | (2) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (2) |
| • पत्र की शैली एवं रूपरेखा है। | (2) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न 2**

'मैंने और स्मिता ने पासवानजी को ऐसे रचनात्मक संवाद केलिए धन्यवाद दिया और बधाई भी' पिता के साथ आकाशवाणी गयी स्मिता उस दिन के अनुभवों को अपनी **डायरी** में लिखती है। वह डायरी कल्पना करके लिखें।

- पिता के साथ आकाशवाणी जाना
- पासवानजी और पिताजी की बातचीत सुनना
- अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति

**मूल्यांकन सूचक**

- अनुभवों की सूचना है। (2)
- आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। (2)
- संवेदना की अनुभूति है। (2)
- आत्मनिष्ठ भाषा है। (1)

**कुल** **(7)**

**प्रश्न 3**

केरल के सड़कों में यातायात (बसों) की सुविधा बढ़ाने की आवश्यकता सूचित करते हुए एक **संपादकीय** तैयार करें।

- केरल में यातायात का वर्तमान हाल
- साधारण जन का आश्रय
- कानून का उल्लंखन
- सरकार की ओर से विशेष ध्यान

**मूल्यांकन सूचक**

- भूमिका है। (1)
- समस्या की प्रस्तुति हुई है। (2)
- समाधान का सुझाव है। (2)
- अपने मत का समर्थन है। (2)
- उचित शीर्षक दिया है। (1)

**कुल** **(8)**

# साहित्य का इतिहास

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- नाटक-साहित्य और एकांकी-साहित्य की मुख्य प्रवृत्तियाँ पहचानकर व्याख्या देता है।
- जीवनी-साहित्य और आत्मकथा-साहित्य की शैलीगत एवं भाषागत अंतर पहचानकर व्याख्या देता है।

**प्रश्न 1**

नाटक शब्द का अर्थ क्या है?

**प्रश्न 2**

'काव्य के सर्वगुण संयुक्त खेल को नाटक कहते हैं।" -यह परिभाषा किसकी है?

**प्रश्न 3**

हिंदी में नाटकों का आरंभ किस काल से हुआ?

**प्रश्न 4**

नाटक को आधुनिक भावबोध के साथ संबद्ध करनेवाले प्रथम नाटककार कौन थे?

**प्रश्न 5**

आधुनिक हिंदी एकांकी किस साहित्य की देन है?

**मूल्यांकन सूचक**

प्रश्न 1-5 सही उत्तर लिखा है।

**प्रश्न 6**

नाटक साहित्य की परिभाषा देते हुए उसके विकास पर **लेख** लिखें।

- भारतेंदुपूर्व युग
- भारतेंदु युग
- द्विवेदी युग
- प्रसाद युग
- प्रसादोत्तर युग

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (2) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • लेख की शैली अपनाई है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न 7**

आधुनिक काल के एकांकी साहित्य पर **टिप्पणी** लिखें।

**प्रश्न 8**

आधुनिक काल के जीवनी साहित्य पर **टिप्पणी** लिखें।

**प्रश्न 9**

आधुनिक काल के आत्मकथा साहित्य पर **टिप्पणी** लिखें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • आधुनिक हिंदी साहित्य का विश्लेषण किया है। | (1) |
| • आधुनिक हिंदी साहित्य की विशेषता समझी है। | (2) |
| • विशेषताओं के आधार पर टिप्पणी लिखी है। | (2) |
| **कुल** | **(5)** |

इकाई 4

# विरोधाभास    कविता

**सच्चिदानंदन**

### अधिगम उपलब्धियाँ

- अनूदित साहित्य से परिचय पाकर अनूदित रचनाओं का संकलन करता है।
- अनूदित कविता का आस्वादन करके व्याख्या प्रस्तुत करता है।

**प्रश्न 1**

"सुबह, मैं अपने कान लगाता हूँ चिड़ियों का गान सुनने
पड़ोस के वार्ड में हृदय-रोगी की
आखिरी चीख़ मैं सुनता हूँ
दोपहर, मैं दोस्त का पत्र लानेवाले डाकिए की प्रतीक्षा करता हूँ
कड़वी दवाओं का पर्चा लेकर
डॉक्टर अंदर आता है।"

1. 'पर्चा' शब्द का अर्थ क्या है?
   (सबेरा, कागज़, खत)
2. दोपहर में कवि किसकी प्रतीक्षा करता है?
3. सुबह कवि को क्या सुनायी देता है?
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की **व्याख्या** करें।

### मूल्यांकन सूचक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (1) |
| 2. | आशय-ग्रहण किया है। | | (1) |
| 3. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (2) |
| 4. | • कवि का परिचय है। | (1) | |
| | • छायावादी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) | |
| | • कविता का सार है। | (2) | |
| | • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) | |
| | **कुल** | | **(7)** |

**प्रश्न 2**

देर शाम मैं प्रतीक्षा करता हूँ ईश्वर की
एक शराबी, किसी झगड़े में सिर फुड़वाकर
गालियाँ बकता जाता है
रात, मैं राह देखता हूँ मृत्यु की
मेरी छोटी लड़की एक संतरा मेरी ओर बढ़ाती है।

1. 'राह' शब्द का अर्थ क्या है?

   (रारता, रात, शाम)

2. देर शाम कवि किसकी प्रतीक्षा करता है?
3. कवि रास्ते में किसकी राह देखता है और बदले में क्या होता है?
4. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की **व्याख्या** करें।

**मूल्यांकन सूचक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (1) |
| 2. | आशय-ग्रहण किया है। | | (1) |
| 3. | आशय-ग्रहण करके सही उत्तर का चयन किया है। | | (2) |
| 4. | • कवि का परिचय है। | (1) | |
| | • छायावादी युगीन कविता की विशेषताओं का उल्लेख किया है। | (2) | |
| | • कविता का सार है। | (2) | |
| | • अपने दृष्टिकोण से कविता का विश्लेषण किया है। | (2) | |
| | **कुल** | | **(7)** |

# नगर की नाक के नीचे — व्यंग्य कहानी

**रामनारायण उपाध्याय**

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- व्यंग्य साहित्य की शैली पहचानकर टिप्पणी लिखता है।
- व्यंग्य कहानी केआशय का विश्लेषण करके विभिन्न प्रसंगों का विधांतरण करता है।

**प्रश्न 1**

'आज लिफ्ट में लगी आपकी सूचना पढ़कर वह अमानत आपको सौंपने आया हूँ। आशा है, इस विलंब केलिए क्षमा करेगीं।' डाक्टरनी और सज्जन के बीच का संभावित **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें।

- रुपया खोना
- नोटीस लगाना
- रुपया वापस देना

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • प्रसंगानुसार अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • स्वाभाविक शुरुआत है । | (1) |
| • प्रवाहमयता है । | (2) |
| • कल्पना है। | (1) |
| • स्वाभाविक अंत है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न 2**

'कल मैंने जिस नोट के गुमने की सूचना लिखी थी, मेरा वह नोट मेरे ही मनीबैग के दूसरे खाने में मिल गया है।' इस घटना को लेकर वह अपनी डायरी लिखती है। वह **डायरी** तैयार करें।

- रुपया खोना
- रुपया वापस देने सज्जनों का आना
- मनीबैग में से रुपया मिलना

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • अनुभवों की सूचना है। | (2) |
| • आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | (2) |
| • संवेदना की अनुभूति है। | (2) |
| • आत्मनिष्ठ भाषा है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

# साहित्य का इतिहास

**अधिगम उपलब्धियाँ**

- संस्मरण और रेखाचित्र का भाषागत एवं शैलीगत अंतर पहचानकर टिप्पणी लिखता है।
- रिपोर्ताज की शैली की अवधारणा पाकर टिप्पणी लिखता है।

**प्रश्न 1**

यात्रावृत्त शब्द का अर्थ क्या है?

**प्रश्न 2**

संस्मरण शब्द का अर्थ क्या है?

**प्रश्न 3**

रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है?

**मूल्यांकन सूचक**

प्रश्न 1-3 सही उत्तर लिखा है।

**प्रश्न 4**

यात्रावृत्त साहित्य विधा पर **निबंध** लिखें।

- परिभाषा
- यथार्थ का चित्रण
- कथा साहित्य की शैली
- रोचकता एवं संवेदनशीलता

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |

**प्रश्न 5**

संस्मरण और रेखाचित्र साहित्यक विधा पर **लेख** तैयार करें।

- परिभाषा
- यथार्थ का चित्रण
- भाषा और शैली

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (2) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (2) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • लेख की शैली अपनाई है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(8)** |

**प्रश्न 6**

रिपोर्ताज साहित्यक विधा पर **निबंध** लिखें।

- परिभाषा
- कलात्मक अभिव्यक्ति
- कथ्यात्मक प्रस्तुति

**मूल्यांकन सूचक**

| | |
|---|---|
| • भूमिका है। | (1) |
| • अपने मत का उल्लेख किया है। | (1) |
| • बिंदुओं को विकसित किया है। | (3) |
| • क्रमबद्धता है। | (1) |
| • उपसंहार है। | (1) |
| **कुल** | **(7)** |